# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in


क्रं./एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2025/745 भिलाई, दिनांक 10/6/25

## // आदेश //

दैनिक समाचार पत्र पत्रिका में प्रकाशित खबर "सड़क पूरी बनी नहीं और उधड़ने लगी, उसी रास्ते से गुजरते है निगम के आला अफसर" के संबंध में श्री पुरूषोत्तम सिन्हा, उप अभियंता को कारण बताओं सूचना पत्र क्रं./स्टे.आयु./एफ– /2025/3843 दिनांक 02.05.2025 जारी किया गया था। उनके द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र का जवाब दिनांक 06.05.2025 को प्रस्तुत किया गया जो इस प्रकार है :–

निगम मुख्यालय इंडियन बैंक के सामने नवनिर्मित सड़क के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत प्राप्त हुई थी संबंध में निर्माण एजेंसी को जावक क्रमांक 460 दिनांक 15.04.2025 को मार्ग सुधारने हेतु नोटिस जारी किया गया था। एजेंसी द्वारा इंडियन बैंक के सामने क्षतिग्रस्त पैंच को तोड़कर पुनः नया गुणवत्ता पूर्वक सीमेंटीकरण किया गया। एजेंसी द्वारा मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से को सुधारने हेतु बिना अतिरिक्त भुगतान की लिखित सहमति प्रदान किया गया है।

उक्त कार्य का पर्यवेक्षण श्री पुरूषोत्तम सिन्हा, उप अभियंता द्वारा किया गया था। निगम मुख्यालय इंडियन बैंक के सामने क्षतिग्रस्त पेंच को तोड़वाकर नया बनवाया गया। उनके द्वारा दिया गया जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया। निगम के मुख्य कार्यालय के निकट गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण होने से निगम की छबि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

अतः श्री पुरूषोत्तम सिन्हा, उप अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई की एक वार्षिक वेतन–वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाती है।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2025/746 भिलाई, दिनांक 10/6/25

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, I/II/III, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त/कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 व 5,/ कम्प्यूटर/भवन संधारण/प्रधानमंत्री आवास योजना/ स्टोर्स/ स्वास्थ्य/उद्यान/वाहन शाखा, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम भिलाई को विभागीय वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
6. संबंधित विभाग प्रमुख ................................................ नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. अधीक्षक, स्थापना, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
8. संबंधित श्री ................................................ नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ व पालनार्थ।

आयुक्त

Scanned with CamScanner